प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिये नामांकन के आखिरी दिन कई उम्मीदवारों ने भरा पर्चा : कल होगी नामांकन पत्रों की जांच।
2. सामान्य निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के लिए कल जारी होगी अधिसूचना : प्रदेश की आठ सीटों के लिए चार अप्रैल तक उम्मीदवार दाखिल कर सकेंगे नामांकन।
3. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद में प्रबुद्ध सम्मेलनों को किया संबोधित।

और

4. कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने आज अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में किये रामलला के दर्शन।

———————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन के आखिरी दिन मुरादाबाद सीट पर रुचिवीरा ने समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के तौर पर अपना नामाकंन दाखिल किया। इससे पहले कल सपा की ओर से डॉ. एसटी हसन ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। उधर, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने एसटी हसन के नामांकन रद्द होने की पुष्टि की है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार

सिंह और बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी पहले नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से घनश्याम लोधी और बसपा की ओर से जीशान खां ने आज नामांकन दाखिल किया। वहीं सपा की ओर से मोहिबुल्लाह नदवी ने आज अपना पर्चा दाखिल किया। इस सीट पर आजम के करीबी आसिम राजा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम ने निर्दलीय पर्चा भरा है।

सहारनपुर से भाजपा के प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा ने आज भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर बसपा के माजिद अली और कांग्रेस–सपा गठबंधन के इमरान मसूद मैदान में हैं।

वहीं पीलीभीत लोक सभा सीट के लिए आज भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद सहित कुल 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट......

*आज पीलीभीत में कुल 12 नामांकन दाखिल हुए जिसके बाद पर्चा दाखिल करने वालों की संख्या 16 हो गई है। आज भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने दलबल के साथ यहां पहुंचकर अपना नामांकन कराया। उनके समर्थन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जन सभा करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौजूदा सांसद वरुण गांधी ने फिलहाल नामांकन दाखिल नहीं*

*किया। इससे उनके द्वारा भाजपा से बगावत करके निर्दलीय चुनाव  लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है। एक दिन पूर्व सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार और बसपा प्रत्याशी अनीश अहमद खान उर्फ फूल बाबू नामांकन करवा चुके हैं। पर्चों की जांच और नाम वापसी के बाद 30 मार्च को चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो पाएगी।*

*सतीश मिश्र, आकाशवाणी समाचार, पीलीभीत*

पहले चरण की लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और तीस मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा। इसमें एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

———————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की नवासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। इन आठ सीटों में सात सीटें सामान्य और बुलंदशहर की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर उम्मीदवार चार अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल

कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। उम्मीदवार 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण की 8 लाकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 करोड़ 67 लाख मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख 11 हजार पुरूष, 77 लाख 38 हजार महिला और 787 थर्ड जेन्डर मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7 हजार 7 सौ 97 मतदान केन्द्र तथा 17 हजार 6 सौ 77 पोलिंग बूथ हैं।

———————————

निर्वाचन आयोग ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस वर्ष मार्च से जून माह के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने के मौसम विभाग के अनुमान के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान दलों और मतदाताओं को आवश्यकता पड़ने पर ओआरएस मुहैया कराया जाए ताकि ये लोग गर्मी के मौसम में लू से खुद को बचा सकें। इसके अलावा मतदान केन्द्रां पर पीने के पानी के लिए नल की स्थाई व्यवस्था, पेयजल के बर्तनों के पर्याप्त इंतजाम, टेंट व टेबल कुर्सी और बेंच की उचित व्यवस्था और महिला एवं पुरूष मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में अलग–अलग शौचालयों की व्यवस्था करने को

कहा गया है। चुनाव आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संख्या में मेडिकल किट की व्यवस्था हो और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती भी मतदान केंद्रों पर की जाए।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————

पत्र सूचना ब्यूरो–पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– pib.gov.in/elect2024/index.aspx शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और

अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।

––––––––––

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज से पश्चिमी यूपी में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने आज तीन जिलों में प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलनों को संबोधित किया। श्री योगी ने मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने से पहले श्रीकृष्ण जन्मस्थान में ठाकुरजी की पूजा अर्चना की। प्रबुद्ध सम्मेलन में श्री योगी ने ब्रजवासियों को सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि आज ब्रज क्षेत्र में विकास हो रहा है।

मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में प्रबुद्ध जनों से संवाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल का प्रबुद्धजनों से परिचय कराया। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने मेरठ में जो विकास कार्य कराए, अब उस सफर को अरुण गोविल आगे बढ़ाएंगे।

इसके बाद गाजियाबाद में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि पहले गाजियाबाद अपराध और गंदगी के लिए जाना जाता था, आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के लिए जाना जाता है।

––––––––––

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान केलिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वाराणसी मे सामाजिक संस्था द्वारा 6 दिवसीय मतदाता जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया है। आज वाराणसी के डॉ अम्बेडकर पार्क से यात्रा को रवाना किया गया। यह यात्रा वाराणसी से चलकर भदोही, प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, इटावा, औरैया, कानपुर, उन्नाव होते हुए 1 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी। पर्चे और पोस्टर के माध्यम से लोगों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगे आने और शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आह्वान किया जा रहा है।

———————

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत आज रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री गहलोत ने कहा कि सैकड़ों वर्षों के बाद एक ऐतिहासिक मांग पूरी हुई है। रामलला के दर्शन करना सौभाग्य की बात है। अभी तक अयोध्या के विकास को टीवी पर देखा था,आज खुद अयोध्या का विकास देख रहा हूं। अयोध्या में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। यही वजह है कि आज देश और दुनिया के लोग भगवान रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं।

———————

पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त तथा वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र शर्मा का आज निधन हो गया, वह 80 वर्ष के थे। वह

पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका उपचार लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था उन्होंने  आज अंतिम सांस ली। श्री शर्मा कई समाचार पत्रों में उच्च पद पर कार्यरत रहे।

(समाप्त)